समाचार

# सड़कों की मरम्मत के कार्य प्राथमिकता के साथ कराना सुनिश्चित करें–आयुक्त

## (आयुक्त श्री राहुल देव ने ली जोन कमिश्नरों की बैठक, निगम की कार्यो की विस्तार से समीक्षा)

कोरबा 26 सितम्बर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव ने आज निगम के जोन कमिश्नरों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित सभी सड़कों का भ्रमण कर निरीक्षण करें तथा जहां कहीं सड़कें उखडी हुई हैं या गड्डे हो गए हैं, उनके मरम्मत के कार्य प्राथमिकता के साथ संपादित कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि आवश्यकतानुसार नवीन सड़कों व नालियों के निर्माण के प्रस्ताव भी तैयार कराएं।

उक्ताशय के निर्देश आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आयुक्त श्री देव ने निगम के जोन कमिश्नरों की बैठक ली तथा निगम के विकास व निर्माण कार्यो एवं नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की समीक्षा की। बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त अशोक शर्मा, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता एम.के.वर्मा, ए.के. शर्मा, एम.एन.सरकार, आर.के. चौबे, भूषण उरांव एवं आर.के. भोजासिया, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी आदि उपस्थित थे। बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने जोनवार विकास कार्यो की समीक्षा की तथा कहा कि वर्षा ऋतु के कारण निगम क्षेत्र की सड़कों के उखड़ने एवं गड्डे हो जाने के प्रकरण देखने को मिल रहे हैं, अतः सभी जोन कमिश्नर अपने–अपने जोन की सड़कों का निरीक्षण करें तथा जहां कही भी सड़कें उखड़ी हों या गड्डे हो गए हो, उनके मरम्मत के कार्य सर्वप्राथमिकता के आधार पर

पूरा कराएं। उन्होने कहा कि जो विकास कार्य प्रारंभ होने की स्थिति में हैं, किन्तु प्रारंभ नहीं किए गए हैं, उन्हें शीघ्र प्रारंभ कराएं, स्वीकृत कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूरी करें तथा जो कार्य प्रगति पर हैं, उन्हें समयसीमा में पूर्ण कराएं। बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने सड़क रोशनी व्यवस्था, साफ–सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सहित अन्य नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की समीक्षा की तथा कार्यो की बेहतरी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

<u>**प्लास्टिक फ्री कोरबा पर कार्य करें**</u>– आयुक्त श्री देव ने जोन कमिश्नरों ने कहा कि शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया है, इस दिशा में निगम द्वारा प्लास्टिक फ्री कोरबा का अभियान चलाया जा रहा है, सभी जोन कमिश्नर इसमें अपनी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने–अपने जोन में प्लास्टिक फ्री कोरबा की थीम पर गतिविधियां संचालित कराएं तथा लोगों को इस दिशा में जागरूक करने उत्प्रेरक के रूप में कार्य करें।

<u>**स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में उच्च रैंकिंग हेतु कार्य करें**</u>– बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 का कार्य किया जाना हैं, इसी प्रकार ओ.डी.एफ. प्लस–प्लस, स्टार रेटिंग और स्वच्छ सर्वेक्षण लीग 20–20 का कार्य भी होना हैं, हमें कोरबा को इनमें उच्च रैंकिंग दिलानी है, जिसके लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है, अतः सभी जोन कमिश्नर अपने–अपने अधिनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को इस दिशा में भी सक्रिय करें, सफाई व्यवस्था पर सतर्क नजर रखें। निगम क्षेत्र में संचालित समस्त सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण करें एवं वहां की व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराते हुए उनकी सतत मानीटरिंग नियमित रूप से करें ताकि सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की स्थिति स्वच्छ सर्वेक्षण के प्रतिमानों पर खरी उतरे, साथ ही इन शौचालयों का उपयोग करने वाले आमनागरिकों को बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके।

<u>**वार्ड कार्यालय खोलने की कार्यवाही को अंतिम रूप दें**</u>– आयुक्त श्री देव ने जोन कमिश्नरों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य शासन के आदेशानुसार निगम क्षेत्र में वार्ड कार्यालय खोले जाने हैं तथा 02 अक्टूबर से वार्ड कार्यालय का शुभारंभ होना है, अतः आप सभी अपने–अपने जोन में सुनियोजित कार्ययोजना अनुसार वार्ड कार्यालय खोलने की कार्यवाही को अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें। वार्ड कार्यालयों में कम्प्यूटर, फर्नीचार, स्टाफ की तैनाती सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं।

<u>**निदान 1100 में समयसीमा का ध्यान रखें**</u>– आयुक्त श्री देव ने निर्देशित करते हुए कहा कि निदान 1100 के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही समयसीमा पर किया जाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार कलेक्टर टी.एल., जनदर्शन, जनशिकायतों तथा शासन से प्राप्त पत्रों पर समुचित कार्यवाही समयसीमा के अंदर संपादित कराएं एवं शिकायतों का निराकरण त्वरित रूप से करें।